प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'चउवन'

[29/7/2016]

प्रश्न सं. [क्र. 2370]

कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सतना (म.प्र.)

पत्र क्रमांक / 981 / तक. / ग्रायांसे. / 2014–15 सतना दिनांक 14-7-14

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत सतना म.प्र.

विषय :– नोटिस का जबाव प्रस्तुत करने बावत्।
संदर्भ :– आपका पत्र कमांक / जि.पं. / शिका. / 2014 / 3810 सतना, दि. 10.02.14

विषयान्तर्गत शिकायतकर्ता श्री लल्लू प्रसाद पाण्डेय अखिल भारतीय भ्रष्टाचार उन्मूलन भोपाल से प्राप्त पत्र के संबंध में चार बिन्दुओं की बिन्दुवार जानकारी चाही गई है। जिसके संबंध में जानकारी निम्नानुसार है।

1– बिन्दु कमांक 01 के संबंध में निवेदन है कि कलेक्टर महोदय के द्वारा जारीं पत्र कमांक / 39 दिनांक 11.06.2013 द्वारा वांछित प्रतिवेदन इस कार्यालय के पत्र कमांक / 951 / स्था. / 2013 सतना, दिनांक 20.06.13 द्वारा प्रतिवेदन कलेक्टर महोदय सतना को भेजा गया है। पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

2– मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना विकास खण्ड सोहावल अन्तर्गत निर्माणित सड़कों के कार्यो में बिना कम्पेक्शन टेस्ट किये किसी भी ठेकेदार का बिल भुगतान नही किया गया है। प्राप्त शिकायत के संदर्भ में अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रीवा मंडल रीवा द्वारा भी रिकार्ड एवं स्थल का निरीक्षण किया जा चुका है। अतः शिकायत निराधार है।

3– बिन्दु कमांक 03– मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क सड़क योजना के पैकेज कमांक 1212 के प्रस्तावित भुगतान बिल में उपयंत्री, सहायक परियोजना प्रबंधक के जॉच उपरांत तथा प्रयोगशाला से मटेरियल ट्रेस्टिंग के बाद ही भुगतान किये गये है।

4– बिन्दु कमांक 04– मनरेगा स्थिति संचालित क्वालिटी कन्ट्रोल लैब के सामग्री कय का नियमानुसार आदेश लघु उद्योग निगम म.प्र. भोपाल को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सतना द्वारा ही जारी किया गया था प्राप्त लैब सामग्री के परीक्षण उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के अनुमोदन उपरांत ही संबंधित फर्म को भुगतान किया गया है।

प्रतिवेदन सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित।

कार्यपालन यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग सतना म.प्र.

पृ.पत्र क्रमांक / 982 / तक. / ग्रायांसे. / 2014–15 सतना दिनांक 14-7-14

प्रतिलिपि,

1. प्रमुख अभियंता महादेय, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय म.प्र. भोपाल।
2. कलेक्टर महोदय, जिला सतना की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

कार्यपालन यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग सतना म.प्र.

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सतना (म.प्र.)

पत्र क्रमांक / 951 / स्था / 2013–14 सतना दिनांक 20-6-2013.

प्रति,

कलेक्टर,
जिला सतना म.प्र.

विषय :– वित्तीय अधिकारों को दुरूपयोग किये जाने के संबंध में।
संदर्भ :– आपका पत्र क्र. / 5अ / एससी–3 / 2013 / 39 / सतना, दि. 11.06.13.

माननीय विधायक श्री शंकरलाल तिवारी विधानसभा क्षेत्र सतना के पत्र दिनांक 10.06.13 के संबंध में वांछित प्रतिवेदन तथा स्पष्टीकरण निम्नानुसार बिन्दुवार सम्प्रेषित है :–

1– मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क सड़क योजना के निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण व पर्यवेक्षण शासन स्तर से कन्सलटेन्सी की नियुक्ति की गई है। कन्सलटेन्सी द्वारा स्वयं के प्रयोगशाला से कराये गये कार्य का मटेरियल टेस्ट तथा काम्पेक्शन टेस्ट आदि किया जाता है। विभाग से पदस्थ उपंत्री तथा सहायक परियोजना प्रबंधक द्वारा भी विभागीय प्रयोगशाला के माध्यम से पुनः टेस्ट कर सतुष्ट होने के बाद ठेकेदारों के देयक भुगतान हेतु प्रस्तुत किये जाते है। बिना काम्पेक्शन टेस्ट के कोई भी भुगतान नही किया जाता है।

2– शासन स्तर से नियुक्त कन्सलटेन्सी के फील्ड ईजीनियर द्वारा निर्माण कार्यो के निरीक्षण पर्यवेक्षण के बाद देयक तैयार किये जाते है। देयक तैयार करने का कार्य कन्सलटेन्सी को ही सौपा गया है। विभाग द्वारा निरीक्षण पर्यवेक्षण का दायित्व उपयंत्री एवं सहायक परियोजना प्रबंधक को सौपा गया है। किन्तु संविदाकारों द्वारा समय–समय पर प्राप्त शिकायत के अनुसार श्री बीएमडी वैश्य उपयंत्री मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क सड़क योजना कार्य संचालन के समय स्थल में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन नही करते है, न ही कार्यो का निरीक्षण करते है, उपयंत्री जब भी मिलते है विवाद की स्थिति निर्मित करते है। प्राप्त शिकायत के अनुसार मेरे द्वारा उपयंत्री का स्पष्टीकरण भी चाहा गया था, लेकिन उनके द्वारा कोई जबाव प्रस्तुत नही किया गया। स्पष्ट है कि उपयंत्री द्वारा अपने कर्तव्य एवं दायित्वों में लापरवाही बरती गई है। अतः उपयंत्री के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित है। निर्माणाधीन कार्यो में बिल बनाकर गलत तरीके से भुगतान का प्रश्न ही नही उठता है।

3— मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क सड़क योजना के अन्तर्गत पुरवा से इटमा, पडरौत से हिनौता तथा रैगॉव से निपनियां के कार्य में मेसर्स श्री वैष्णोदेवी कान्स्ट्रक्शन कंपनी तथा गोरईया से झण्डा कार्य में मेसर्स देव कान्स्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कार्य कराया जा रहा है। विभाग स्तर से नियुक्ति आईकॉन प्रा.लि. कन्सलटेन्सी द्वारा कार्य का निरीक्षण पर्यवेक्षण भी किया जा रहा है। उक्त कार्यो में रनिंग देयकों का भुगतान मटेरियल टेस्ट एवं काम्पेक्शन टेस्ट के बाद नियमानुसार किये जाते है। सहायक परियोजना प्रबंधक सत्यापन तथा मेरे द्वारा समय—समय पर कार्यो का निरीक्षण कर कराये गये कार्य में पूर्ण संतुष्ट होकर भुगतान की कार्यवाही प्रस्तावित की जाती है, किसी कार्य में भी अधिक भुगतान नही किया गया है।

4— ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सतना में नियुक्ति कन्सलटेन्सी द्वारा बिल प्रस्तुत करने व सहायक परियोजना प्रबंधक के मापों के सत्यापन के बाद ही पुरवा से इटमा, पडरौत से हिनौता तथा रैगॉव से निपनियां के कार्यो का देयक भुगतान किया गया है। गोरईया से झण्डा के निर्माणाधीन कार्य का देयक कन्सलटेन्सी द्वारा तैयार करने के उपरांत प्रस्तुत किया गया था, प्रभारी उपयंत्री श्री बीएमडी वैश्य द्वारा अपने कर्तव्यों में लगातार लापरवाही बरतने उनके द्वारा स्वयं समय—समय पर कार्यो का निरीक्षण न करने की शिकायत प्राप्त होने पर मेरे द्वारा स्वयं ही समय—समय पर स्थल निरीक्षण किया गया, तथा नियमानुसार ही रंनिग भुगतान की कार्यवाही की गई ताकि मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क सड़क योजना से निर्माणाधीन मार्ग की प्रगति प्रभावित न हो तथा समय पर कार्य पूरा कराया जा सके।

5— मनरेगा प्रकोष्ठ के अन्तर्गत संचालित मैटेरियल क्वालिटी परीक्षण लैब में स्थल प्रभारी उपयंत्री द्वारा ही मैटेरियल लाकर वहॉ पदस्थ प्रयोगशाला तकनीशियन से अपने उपस्थित में मटेरियल टेस्टिग का कार्य निःशुल्क कराया जा रहा है, किसी भी प्रकार की राशि प्राप्त करने की कोई भी शिकायत कार्यालय को प्राप्त नही हुई।

शिकायती बिन्दुओं से संबंधित प्रतिवेदन सादर आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित।

कार्यपालन यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग सतना म.प्र.

पृ.पत्र क्रमांक / 952 / स्था / 2013—14 सतना दिनांक 20-6-2013.

**प्रतिलिपि,**

1. निज सचिव माननीय मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल।
2. प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय म.प्र. भोपाल।
3. अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रीवा मंडल रीवा म.प्र.की ओर उनके पत्र क्र. / 881 / तक. / बीएस / ग्रायांसे / 2013 रीवा दिनांक 14.06.2013 के संदर्भ में सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

कार्यपालन यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग सतना म.प्र.